दिनांक 07.09.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के सभागार में आज मुख्यमंत्री पेंशन योजनान्तर्गत बैठक आहूत की गई। बैठक में बताया गया कि पुरे 70 वार्डों में घर-घर सर्वे कर एवं जो अन्यत्र चले गये हैं उनकी पहचान कर तथा एसीसीसी सर्वे सूची में नाम हैं वही हितग्राहियों का पात्र सूची तैयार कर दो दिन के अंदर प्रस्तुत करने का कहा गया। इस सर्वे में कुल 71 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है जो कि घर-घर जाकर नागरिकों से फार्म भरवाने का कार्य करेंगे जिसमें आधार कार्ड, बैंक खाता, परिचय पत्र, मोबाईल नम्बर अन्य आवश्यक दस्तावेज फार्म में भरकर जमा करेंगे। कूल 1299 हितग्राहियों का चिन्हांकन कर फार्म भरवाया जाना है।

बैठक में सहायक आयुक्त अशोक द्विवेदी, अंजली भगत उप संचालक समाज कल्याण विभाग, आई0एल0 यादव प्रभारी अधिकारी पेंशन शाखा, नोडल अधिकारी चन्द्रपाल हरमुख, महेन्द्र यादव सहित निगम के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी